

गुजरात के मोरबी इलाके में माच्छू नदी में रविवार को एक केबल पुल गिरने से 70 लोगों गयी। हालाँकि गुजरात के मंत्री बृजेश मेरजा ने कहा है कि, मोरबी केबल ब्रिज गिरने से 35 लोगों की मौत हुई है। जबकि पूर्व भाजपा विधायक कांति अमृतिया मृतकों की संख्या 60 बता रहे हैं। जिनमें 10 बच्चे भी शामिल हैं।


# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्षः27 अंकः 315 दिनांकः31-10-2022 सोमवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठः4 अहमदाबाद M





रक्षा अधिकारी के अनुसार विमान के निर्माण का यह कदम भारत को डिफेंस के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लिया गया है। केंद्र सरकार ने भी आत्मनिर्भर भारत को तेजी देने के लिए सेना के कई सारे उपकरणों का निर्माण भारत में कराना शुरू करा दिया है।

## मोरबी में केबल पुल टूटा, नदी में गिरने से 90 लोगों की मौत

अहमदाबाद ( ईएमएस )। गुजरात के मोरबी इलाके में माच्छू नदी में रविवार को एक केबल पुल गिरने से 90 लोगों गयी। हालाँकि गुजरात के मंत्री बृजेश मेरजा ने कहा है कि, मोरबी केबल ब्रिज गिरने से 90 लोगों की मौत हुई है। जबकि पूर्व भाजपा विधायक कांति अमृतिया मृतकों की संख्या 60 बता रहे हैं। जिनमें 10 बच्चे भी शामिल हैं। यह पुल दो करोड़ की लागत से मरम्मत के बाद चार दिन पहले ही खोला गया था। इस घटना में 150 से अधिक लोगों के घायल होने की आशंका है। बताया जाता है कि जब पुल गिरा उस समय उस पर करीब 500 लोग सवार थे। मौके पर बचाव कार्य जोरों से चल रहा है। गुजरात सरकार ने इस दुर्घटना की जिम्मेदारी ली है।

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी मोरबी के लिए रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी आज गुजरात में थे। उन्होंने गुजरात के सीएम को फोन करके स्थिति का जायजा लेने को कहा है। एसडीआरएफ की टीमें, फायर ब्रिगेड, स्टीमर को राजकोट, कच्छ से तुरंत मोरबी पहुंचाया जा रहा है। सौराष्ट्र के पेरिस कहे जाते मोरबी के राजा वाघजी ठाकोर ने मच्छू नदी पर 1890 में कैबल ब्रिज का निर्माण कराया थर्ा मोरबी 1979 में विनाशक बाढ़ और 2001 में आए विनाशकारी भूकंप के दौरान भी इस कैबल ब्रिज को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुअर्ा करीब 120 साल पुराना यह ब्रिज पिछले 6 महीने से बंद थर्ा हाल ही में 2 करोड़ रुपए से ब्रिज की मरम्मत करने के बाद नूतन वर्ष से इसे लोगों के लिए खोला गया थर्ा बीते चार दिनों के भीतर करीब 12000 जितने लोगों ने इस ब्रिज पर आवागमन कर चुके हैं रविवार को मोरबी के इस कैबल ब्रिज पर 500 से भी अधिक लोग मौजूद थे, उस वक्त अचानक वह टूट गयर्ा घटना के वक्त ब्रिज मौजूद लोग नीचे बहती मच्छू नदी में जा गिरे इस घटना में अब तक 10 लोगों की मौत होने की खबर है और यह आंकड़ा बढ़ने की आशंका है दूसरी ओर युद्धस्तर पर बचाव कार्य किया जा रहा है गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी मोरबी के लिए रवाना हो गए हैं मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने ट्वीट कर कहा 'मोरबी में कैबल ब्रिज टूटने की दुर्घटना से काफी व्यथित हूँ प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है घायलों के तत्काल उपचार व्यवस्था करने की प्रशासन को आदेश दिया गया है इस संदर्भ में जिला प्रशासन के साथ मेरा लगातार संपर्क बना हुआ है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ट्वीट कर दुर्घटना को लेकर दुख जताया है साथ ही दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को रु. 50 हजार की सहायता देने की घोषणा की है आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दुर्घटना को लेकर ट्वीट किया है केजरीवाल ने ट्वीट में लिखा 'गुजरात से बेहद दुःखद खबर मिल रही है। मोरबी में ब्रिज टूट जाने से कई लोगों के नदी में गिर जाने की खबर है। भगवान से उनकी जान और स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूँ।'

मोरबी केबल ब्रिज कई साल पहले बना एक ऐतिहासिक पुल था। मरम्मत और जीर्णोद्धार के बाद गुजराती नववर्ष के अवसर पर 26 अक्टूबर को इस पुल का उद्घाटन किया गया था। रिपोर्टों के मुताबिक, पुल के नवीनीकरण के लिए सरकारी टेंडर ओधवजी पटेल के स्वामित्व वाले ओरेवा ग्रुप को दिया गया था। घटना स्थल पर मौजूद गुजरात के पंचायत मंत्री बृजेश मेरजा ने कहा कि, मोरबी में हुए हादसे से हम वास्तव में दुखी हैं। पीएम मोदी ने मुझसे स्थिति के बारे में जानकारी ली और गुजरात के सीएम भी जायजा ले रहे हैं। स्थानीय नेता भी घायलों की मदद में जुटे हैं। जरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। शाम को करीब साढ़े छह बजे मोरबी में पुल ढह गया। फायर ब्रिगेड, कलेक्टर, जिले के एसपी, डॉक्टर, एंबुलेंस महज 15 मिनट में मौके पर पहुंच गए।उन्होंने दावा किया है कि, हम वहां ज्यादातर लोगों को बचाने में सफल रहे हैं।हमें केंद्र से हर तरह की मदद मिल रही है। एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। गिरने से घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और संबंधित अधिकारियों से मोरबी में हुई दुर्घटना के संबंध में बात की। पीएम ने मोरबी में हुए हादसे में जान गंवाने वालों में से प्रत्येक के परिजनों के लिए इर्श्इं से दो लाख रुपये की मदद राशि की घोषणा की है। प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। राज्य सरकार प्रत्येक मृतक के परिवार को चार लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये का मुआवजा देगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात में मोरबी केबल पुल गिरने की घटना पर चिंता व्यक्त की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोरबी में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा है कि इस विषय में उन्होंने गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी व अन्य अधिकारियों से बात की है। स्थानीय प्रशासन पूरी तत्परता से राहत कार्य में लगा है।

भारत जोड़ो यात्रा के तहत पदयात्रा कर रहे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने मोरबी की घटना पर दुख जताया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मोरबी हादसे पर दुख व्यक्त किया है।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने मोरबी की घटना को लेकर दुख जताया है। राघव चड्ढा ने कहा कि, गुजरात के मोरबी में ब्रिज टूटने की खबर से मन बेहद दुखी है। प्रभु से सभी पीड़ितों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं।

## ऐप से कर्ज देने वाली चीनी कंपनियों पर गिरेगी गाज, गृह मंत्रालय ने दिया कार्रवाई का निर्देश

नई दिल्ली, पीटीआइ। कर्ज के जाल में लोगों को फंसाकर ब्लैकमेल करने वाली चीनी ऐप कंपनियों पर अब गाज गिरेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कर्ज देने वाले ऐप्स के खिलाफ कानून की एजेंसियों से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है क्योंकि चीन के नियंत्रण वाली इन कंपनियों के उत्पीड़न और पैसा वसूल करने के सख्त तरीकों की वजह से आत्महत्या की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

मंत्रालय ने कहा कि कर्ज देने वाली इन गैरकानूनी कंपनियों के खराब रवैये के कारण देशभर में कई लोगों की जान चली गई। इस मुद्दे का राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर असर हुआ। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए पत्र में कहा कि इस मुद्दे ने राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और नागरिक सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव डाला है।

पत्र में कहा गया कि देशभर से बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि डिजिटल तरीके से कर्ज देने वाली गैरकानूनी ऐप विशेषकर कमजोर और निम्न आय वर्ग के लोगों को ऊंची ब्याज दरों पर कम अवधि के कर्ज या सूक्ष्म कर्ज देती है और इसमें छिपे शुल्क भी होते हैं। ये कंपनियां कर्जदारों के संपर्क, स्थान, तस्वीरों और वीडियो जैसे गोपनीय निजी डाटा का इस्तेमाल कर उनका उत्पीड़न करती हैं और उन्हें डरा-धमका कर ब्लैकमेल भी करती हैं।

मंत्रालय ने कहा कि कर्ज देने वाली इन गैरकानूनी कंपनियों के खराब रवैये के कारण देशभर में कई लोगों की जान चली गई है। इस मुद्दे का राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। कर्ज लेने वालों को इन ऐप को अपने संपर्क, स्थान और फोन की स्टोरेज तक अनिवार्य रूप से पहुंच देनी पड़ती है। मंत्रालय ने कहा कि इसी डाटा का दुरुपयोग किया जाता है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, जांच में यह पाया गया है कि यह एक संगठित साइबर अपराध है जिसे अस्थायी ईमेल, वर्चुअल नंबर, अनजाने लोगों के खातों, मुखौटा कंपनियों, भुगतान सेवा प्रदाताओं, एपीआइ सेवाओं, क्लाउड होस्टिंग और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये अंजाम दिया जाता है। इसलिए, जांच के दौरान डोमेन विशेषज्ञों को शामिल करने की सलाह दी जाती है। गृह मंत्रालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस संबंध में सख्त कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाता है। इसके अलावा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे सभी जिलों में ऐसे ऐप का उपयोग करने के जोखिमों के खिलाफ जन जागरूकता फैलाएं।

## हिंदी के बाद अब मराठी में होगी एमबीबीएस, बीडीएस की पढ़ाई- महाराष्ट्र सरकार

मुंबई, (ईएमएस)। देश के दो राज्यों मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई की शुरुआत होने के अब मराठी में भी एमबीबीएस, बीडीएस करवाया जाएगा. महाराष्ट्र सरकार ने इसकी घोषणा की है. सरकार का कहना है कि इससे गैर-अंग्रेजी भाषी छात्रों के लिए डिग्री लेवल तक के प्रोग्राम की पहुंच बढ़ेगी. राज्य सरकार ने कहा कि वह अगले साल से मराठी में मेडिकल एजुकेशन की शुरुआत करेगी. राज्य के मेडिकल एजुकेशन मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि सिलेबस को मराठी में उपलब्ध कराने के फैसले से महाराष्ट्र के ग्रामीण हिस्सों के स्टूडेंट्स को मदद मिलेगी. महाराष्ट्र सरकार की तरफ से ये फैसला ऐसे समय पर लिया गया है, जब मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पहले ही ऐलान किया गया है, उनके यहां अब हिंदी में एमबीबीएस की पढ़ाई करवाई जाएगी. दोनों ही राज्यों ने ऐलान किया है कि वे एमबीबीएस के सिलेबस को हिंदी में तैयार करेंगे. महाराष्ट्र के मंत्री महाजन ने कहा है कि महाराष्ट्र एक कदम आगे बढ़ गया है. उन्होंने आश्वासन दिया कि एमबीबीएस ही नहीं, बल्कि आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, दंत चिकित्सा और नर्सिंग सहित मेडिकल प्रैक्टिस की अन्य स्ट्रीम की पढ़ाई भी मराठी में करवाई जाएगी. मंत्री महाजन ने कहा कि सरकार ने योजना और उठाए जाने वाले कदमों की स्टडी करने के लिए समितियों का गठन किया है. मराठी सिलेबस उन स्टूडेंट्स की मदद करेगा, जिन्होंने मराठी मीडियम से पढ़ाई की है, मगर अंग्रेजी में उन्हें कठिनाई होती है. सूत्रों ने बताया कि राज्य कैबिनेट ने पिछले महीने ही फैसले पर चर्चा की थी. सभी सिलेबस में बदलाव के लिए एक बोर्ड बनाने का फैसला पहले ही हो चुका है. बोर्ड में विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स शामिल होंगे. बहरहाल सरकार के इस फैसले को लेकर राज्य में मेडिकल बिरादरी के लोग दो हिस्सों में बंट गए हैं. सरकार के समर्थकों का मानना है कि ये एक ऐसा फैसला है, जिससे डॉक्टरों को मरीजों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी. डॉक्टर स्थानीय भाषा में मरीजों द्वारा बताए गए लक्षणों को समझ पाएंगे. जबकि अन्य लोगों को मानना है कि मराठी में मेडिकल की पढ़ाई से डॉक्टर्स सिर्फ महाराष्ट्र या भारत तक ही सीमित हो जाएंगे. उनका ये भी मानना है कि मेडिकल जैसे साइंटिफिक सब्जेक्ट को ग्लोबल रिसर्च और स्टैंडर्ड के अनुसार रखने की जरूरत है. इसके पीछे की वजह ये है कि मेडिकल की पढ़ाई के लिए इंग्लिश एक मीडियम होता है. टीचर्स को मराठी में पढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए ट्रेनिंग देने को लेकर भी काफी चिंताएं हैं.

## 'नेहरू को बदनाम और तत्कालीन शासक हरि सिंह को उदार नायक के रूप में पेश किया जा रहा है'

नई दिल्ली ( ईएमएस )। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा जवाहरलाल नेहरू की आलोचना के बारे में भाजपा के एक विचारक से बात की और उन्होंने कहा कि नेहरू को बदनाम करना एक बात है, लेकिन तत्कालीन शासक हरि सिंह को उदार नायक के रूप में पेश किया जा रहा है। रिजिजू ने कहा था कि अनुच्छेद 370 को लागू करना और पाकिस्तान के साथ विवाद को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने की नेहरू की ठगलतियोंठ ने बहुत नुकसान किया, देश के संसाधनों को खत्म कर दिया और आतंकवाद ने सैनिकों और नागरिकों समेत हजारों लोगों की जान ले ली।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने ठभाजपा विचारकठ का नाम लिए बिना कहा, ठउन्होंने ( भाजपा के विचारक ) मुझे ये संदेश भेजाः अजीब बात ये है, नेहरू को बदनाम करना एक बात है, लेकिन हरि सिंह को ईमानदार और उदार नायक के रूप में पेश किया जाता हैठ

हरि सिंह जम्मू और कश्मीर रियासत के अंतिम शासक थे। उन्होंने भारत में विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे।

रिजिजू ने एक पोर्टल के लिए ठपांच नेहरूवादी भूलोंठ का हवाला देते हुए एक लेख लिखा, जिसमें जनमत संग्रह के विचार को आगे बढ़ाना और जम्मू कश्मीर के विलय को अनंतिम करार देना शामिल था।

मंत्री ने कहा था कि एक नया भविष्य बनाने के लिए पिछली गलतियों को महसूस करना जरूरी है। रिजिजू ने कहा कि उन्होंने इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं किया है, बल्कि रिकॉर्ड को ठीक करने के लिए तथ्यों को बताया है।

## कश्मीर हर भारतीय का गौरव, पुरानी चुनौतियों को पीछे छोड़ नई संभावनाओं का लाभ उठाएं : मोदी

नई दिल्ली ( ईएमएस )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रत्येक भारतीय का गौरव है। हमें एक साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर को नयी ऊंचाइयों पर ले जाना होगा। पीएम ने कहा कि यह वक्त पुरानी चुनौतियों को पीछे छोड़ने और नई संभावनाओं का पूरा लाभ उठाने का है। जम्मू-कश्मीर रोजगार मेला को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि तेज गति से विकास के लिए नए नजरिये और नयी सोच के साथ काम करने की आवश्यकता है। मोदी ने कहा, 'हम सभी वर्गों और नागरिकों को समान रूप से विकास का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के 20 अलग-अलग स्थानों पर सरकारी विभागों में काम करने के लिए नियुक्ति पत्र पाने वाले 3,000 युवाओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन युवाओं को लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पशुपालन, जल शक्ति और शिक्षा-संस्कृति जैसे विभिन्न विभागों में सेवा देने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य विभागों में 700 से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

जम्मू-कश्मीर जाने वाले पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास और संपर्क बढ़ने के कारण राज्य में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा, 'हमारा प्रयास है कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे।' प्रधानमंत्री न यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में दो नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ( एम्स ), सात नए मेडिकल कॉलेज, दो सरकारी कैंसर संस्थान और 15 नर्सिंग कॉलेज खोलकर वहां स्वास्थ्य एवं शिक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेन के जरिये कश्मीर तक संपर्क में सुधार लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

यह बताते हुए कि कैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों ने हमेशा पारदर्शिता पर जोर दिया है, प्रधानमंत्री ने सरकारी सेवाओं में आ रहे युवाओं को इसे प्राथमिकता बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, 'मैं जब भी पहले जम्मू-कश्मीर के लोगों से मुलाकात करता था तो मुझे हमेशा उनका दर्द महसूस होता था। यह व्यवस्था में भ्रष्टाचार का दर्द था। जम्मू-कश्मीर के लोग भ्रष्टाचार से नफरत करते हैं।' मोदी ने भ्रष्टाचार की बुराई को खत्म करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और उनकी टीम द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा भी की।

## सीएए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को

नई दिल्ली ( ईएमएस )। सोमवार को उच्चतम न्यायालय पविवादास्पद नागरिकता ( संशोधन ) अधिनियम ( सीएए ) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं सहित करीब 240 जनहित याचिकाओं की सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस। रवींद्र भट और न्यायमूर्ति बेला एम। त्रिवेदी की पीठ के समक्ष केवल सीएए के मुद्दे पर 31 अक्टूबर को 232 याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है, जिनमें ज्यादातर जनहित याचिकाएं हैं। इससे पहले, न्यायमूर्ति ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि सीएए को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन-न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाएगा। इस मुद्दे पर मुख्य याचिका इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ( आईयूएमएल ) ने दायर की थी।

शीर्ष अदालत ने जनवरी 2020 में स्पष्ट किया था कि वह केंद्र की बात सुने बिना सीएए के क्रियान्वयन पर रोक नहीं लगाएगी। सीएए को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच पर केंद्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगते हुए शीर्ष अदालत ने देश के उच्च न्यायालयों को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं की सुनवाई पर रोक लगा दी थी। याचिका दायर करने वाले अन्य महत्वपूर्ण लोगों में कांग्रेस नेता जयराम रमेश, राजद नेता मनोज झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हैं।

मुस्लिम संगठन जमीयत उलमा-ए-हिंद, ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन, पीस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, गैर-सरकारी संगठन 'रिहाई मंच', अधिवक्ता एमएल शर्मा और कानून के छात्रों ने भी इस अधिनियम को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

## चुनाव आयोग इसी सप्ताह कर सकता है गुजरात विस चुनाव की तिथियों की घोषणा

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। चुनाव आयोग ( ईसी ) ने हिमाचल के चुनाव तिथियों का ऐलान कर दिया है पर अब गुजरात की तारिखों की घोषणा बाकी थी जो इस सप्ताह किए जाने की उम्मीद है। 2017 में अपनाई गई परंपरा का हवाला देते हुए निर्वाचन आयोग ने इस महीने की शुरुआत में हिमाचल प्रदेश के चुनावों की तारीखों के साथ गुजरात के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की थी। वहीं हिमाचल में 12 नवंबर को एक चरण में मतदान होगा, जबकि वोटों की गिनती आठ दिसंबर को की जाएगी। आयोग ने हिमाचल प्रदेश के लिए मतगणना की तारीख को मतदान के करीब एक महीने बाद रखते हुए स्पष्ट संकेत दिया था कि गुजरात चुनाव के वोटों की गिनती भी आठ दिसंबर को होगी।

गौरतलब है कि 2017 में दोनों राज्यों में अलग-अलग तारीखों पर चुनाव की घोषणा की गई थी, लेकिन मतगणना 18 दिसंबर को एक साथ हुई थी। दरअसल, गुजरात में बाढ़ के चलते निर्वाचन आयोग को राज्य में हिमाचल चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद मतदान कराना पड़ा था। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में साल 1998, 2007 और 2012 में एक साथ चुनाव हुए थे। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को समाप्त हो रहा है। फिलहाल गुजरात में चुनाव आयोग ने कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूचा जारी करना शुरू कर दिया है। बीते दिनों आम आदमी पार्टी ने 13 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। वहीं अब तक न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ने आगामी चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की है।

### गुजरात की सत्ता में आने पर कांग्रेस संविदा कर्मियों को देगी स्थाई नौकरी : राहुल

नई दिल्ली ( ईएमएस )। गुजरात में विधान सभा चुनाव के मद्देनजर सभी सियासी दल घोषणाओं के पुल के बांध रहे हैं अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि गुजरात में सत्ता में आने पर कांग्रेस संविदा कर्मियों को स्थाई नौकरी देगी, पुरानी पेंशन योजना ( ओपीएस ) को वापस लाएगी और समय पर पदोन्नति सुनिश्चित करेगी। गांधी ने ट्वीट किया, 'कांग्रेस का पक्का वादा। संविदा कर्मियों को पक्की नौकरी मिलेगी, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाएगी, समय पर पदोन्नति मिलेगी।' उन्होंने 'कांग्रेस देगी पक्की नौकरी' हैशटैग के साथ लिखा, 'राजस्थान में लागू किया, अब गुजरात में कांग्रेस सरकार बनते ही कर्मचारियों को उनका हक मिलेगा।' गुजरात में जल्द ही विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होने की उम्मीद है।

## मिजोरम- आइजोल में पेट्रोल टैंकर में धमाका, आग में जलकर 4 लोगों की मौत, 18 झुलसे

आइजोल ( ईएमएस )। पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम के आइजोल जिले में शनिवार शाम एक भीषण दुर्घटना में 4 लोगों की पेट्रोल टैंकर में आग लगने और विस्फोट के जलकर मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना राजधानी से करीब 18 किलोमीटर पूर्व तुइरियाल गांव में शाम करीब 6 बजे उस वक्त हुई जब टैंकर चंफाई जा रहा था। आइजोल के एसपी सी लालरुआ ने बताया कि स्थानीय लोगों ने किसी कारणवश टैंकर से निकलने वाले पेट्रोल को स्टोर करने की कोशिश की, तो टैंकर में आग लग गई।

इसमें 4 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 18 अन्य झुलस गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि उनमें से 5 की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि इस घटना में एक चार पहिया टैक्सी और दो पहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। इस टैंकर में लगभग 22000 लीटर पेट्रोल भरा हुआ था।

## भारत-फ्रांस की वायु सेनाएं करेगी गरुड़7 संयुक्त युद्धाभ्यास

-लड़ाकू विमान आकाश में दिखाएंगे अपना रण कौशल

जोधपुर ( ईएमएस )। भारत और फ्रांस की वायुसेनाएं आकाश में अपना रण कौशल दिखाएंगे दोनों देश संयुक्त युद्धाभ्यास गरुड़7 सूर्यनगरी जोधपुर में शुरू हुआ है। फ्रांस के 220 सैनिकों की टुकड़ी चार राफेल फाइटर जेट और मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट के साथ जोधपुर पहुंच चुकी है। दूसरी तरफ इंडियन एयर फोर्स की तरफ से राफेल, सुखोई, तेजस और जगुआर फाइटर जेट के अलावा एलसीएच को इस युद्धाभ्यास में उतारा है। भारत और फ्रांस दोनों देशों की एयरफोर्स के बीच यह युद्धाभ्यास 12 नवम्बर तक चलेगा। इस दौरान दोनों देश की एयरफोर्स अपने-अपने अनुभव एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे।

एयरफोर्स के सातवें संयुक्त युद्धाभ्यास गरुड़ में भारत एएफ एसयू-30 एमकेआई, राफेल, एलसीए तेजस और जगुआर लड़ाकू विमानों के साथ-साथ लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ( एलसीएच ) और एमआई-17 हेलीकॉप्टरों के साथ भाग ले रहा है। आईएएफ की टुकड़ी में फ्लाइट रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट, अवाक्स और एईडब्ल्यूएंडसी जैसी लड़ाकू सक्षम संपत्तियां भी शामिल होंगी। यह संयुक्त अभ्यास दोनों देशों के एयरफोर्स के जवान नई-नई तकनीकों को परस्पर साझा करेंगे।

दोनों देशों के बीच इससे पहले छह युद्धाभ्यास कुशलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। यह द्विपक्षीय अभ्यास का सातवां संस्करण है। इससे पहले ऑड-ईवन के रूप में छह युद्धाभ्यास हो चुके हैं। इनकी शुरुआत भारत से ही 2003 में हुई थी। इस तरह से पहला, तीसरा और पांचवां संस्करण भारत में क्रमशः 2003, 2006 और 2014 में वायु सेना स्टेशनों ग्वालियर, कलाईकुंडा और जोधपुर में आयोजित किया गया था। दूसरी ओर फ्रांस में दूसरा, चौथा और छठा संस्करण वर्ष 2005, 2010 और 2019 में आयोजित किया गया था। इस बार पुनः भारत की बारी है।

भारत और फ्रांस एयरफोर्स के बीच यह संयुक्त अभ्यास दोनों देशों को सर्वोत्तम युद्ध कौशल को साझा करने के साथ-साथ परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए एक शानदार प्लेटफार्म प्रदान करेगा। इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना और एफएएसएफ की भागीदारी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के अलावा पेशेवर बातचीत, अनुभवों के आदान-प्रदान और परिचालन ज्ञान में वृद्धि को बढ़ावा देगी।

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराया

पर्थ ( ईएमएस )। 20 -20 क्रिकेट विश्व कप के एक महत्वपूर्ण मैच में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 5 विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 2 गेंद शेष रहते 137 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका की जीत के शिल्पकार रहे एडन मार्करम और डेविड मिलर। दोनों ने अर्धशतक लगाए। मार्करम ने 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की सहायता से 52 रन का योगदान दिया। उन्हें हार्दिक पंडया की गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने कैच किया। डेविड मिलर 46 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की सहायता से 59 रन बनाकर नाबाद रहे। बाकी के बल्लेबाज कोई करिश्मा नहीं दिखा सके। शुरुआती 3 विकेट 24 रन के अंदर ही गिर गए थे। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने दो विकेट लिए। मोहम्मद शमी, हार्दिक पंडया और अश्विन को एक-एक विकेट मिले।

इससे पहले टॉस जीतकर भारत ने बल्लेबाजी चुनी। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव ने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने 40 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्के की सहायता से 68 रन बनाए। सूर्यकुमार के अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल पाया। भारत के सात बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच पाए। इनमें से दो खाता भी नहीं खोल पाए। विराट कोहली 12 रन ही बना सके। कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर फ्लॉप हुए और 15 रन बनाकर वापस पवेलियन लौट आए।

दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी ने चार और वेन पार्नेल ने तीन विकेट लिए।

### कार्टून कोना





## सोमालिया- राजधानी मोगादिशु में दो कारों में बम ब्लास्ट, 100 की जान गई, 300 लोग घायल

मोगादिशु ( ईएमएस )। सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में 2 अलग-अलग कारों में जोरदार बम धमाके में 100 लोगों की जान चली गई। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख ने स्थानीय सोमाली केबल टीवी से बातचीत में बताया कि विस्फोट में अब तक मरने वालों की संख्या लगभग 100 है और 300 से अधिक घायल हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दो कार बम विस्फोटों ने सोमालिया के शिक्षा मंत्रालय की इमारत को निशाना बनाया। एक स्थानीय नागरिक ने कहा, 'दो कार बमों ने के5 स्ट्रीट के किनारे शिक्षा मंत्रालय की इमारत को निशाना बनाया।' मंत्रालय की रखवाली करने वाले एक पुलिस अधिकारी, जिसने अपना नाम हसन बताया, ने बताया कि उसने विस्फोट के तुरंत बाद कम से कम 12 शव देखे और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल पड़े थे।

बम विस्फोट के दृश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं और विस्फोट के बाद मोगादिशु शहर के ऊपर बादल उठते दिख रहे हैं। अन्य वीडियो में धमाके वाली जगह के आस-पास और दूर-दराज के घरों के शीशे टूटे हुए दिखाई दे रहे हैं। आतंकवादी संगठन अल-शबाब के इस बम धमाके के पीछे होने की सूचना है, जो सोमालियाई सरकार के खिलाफ हिंसक, सशस्त्र लड़ाई लड़ रहा है। सोमाली सुरक्षाबलों का कहना है कि उन्होंने हाल के हफ्तों में स्थानीय आत्मरक्षा समूहों के साथ लड़ते हुए अल-शबाब के खिलाफ युद्ध के मैदान में बढ़त हासिल की है, लेकिन इस आतंकी समूह ने घातक हमले करना जारी रखा है।

पुलिस प्रवक्ता सादिक दूदीश ने कहा, 'दोपहर दो बजे अल-शबाब के आतंकवादियों ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित नागरिकों को निशाना बनाते हुए दो विस्फोट किए।' इससे पहले किस्मायू में सोमवार को 9 लोग आतंकियों के शिकार बने थे। सुरक्षाबलों ने उन्हें मार गिराया था। बंदरगाह शहर के तवाकल होटल के गेट में विस्फोटकों से लदे एक वाहन के टकराने के बाद गोलियां चलीं। जुबलैंड के सुरक्षा मंत्री युसुफ हुसैन धूमल ने रॉयटर्स को बताया, 'विस्फोट में छात्रों और नागरिकों सहित नौ लोग मारे गए और 47 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।'




## विभिन्न कार्यक्रम

- सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे प्रधानमंत्री
- BSF और राज्य पुलिस द्वारा परेड शो
- BSF द्वारा डॉग शो
- CISF की महिला टीम द्वारा कलारिपट्टू डेमो
- गुजरात महिला पुलिस द्वारा शस्त्र परेड
- एयरफोर्स द्वारा विशेष एयर शो
- सांस्कृतिक कार्यक्रम

अखंड भारत के शिल्पी
**सरदार वल्लभभाई पटेल**
की जन्म जयंती पर शत् शत् नमन

सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकजुट करने के असंभव कार्य को पूरा किया
**- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



RUN FOR UNITY
एक भारत, श्रेष्ठ भारत.

देश के अलग-अलग ७५,००० स्थानों में **"Run for Unity"** का विशेष आयोजन

दिनांक- ३१-१०-२०२२, समय- सुबह ८ बजे, कार्यक्रम स्थल- एकतानगर, गुजरात

सत्यमेव जयते
गुजरात सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव



उत्तर गुजरात के लिए **विभिन्न विकास कार्य**

आदरणीय प्रधानमंत्री

# श्री नरेन्द्रभाई मोदी

द्वारा

₹ **8034** करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का

## शिलान्यास एवं संकल्प



**दिनांक : 31-10-2022, सोमवार | समय : दोपहर 2 बजे | स्थल : थराद, बनासकाँठा**

## शिलान्यास की जाने वाली योजनाएँ

### कसरा-दाँतीवाडा पाइपलाइन

- नर्मदा मुख्य नहर से कसरा (तहसील हारिज, ज़िला पाटण) से दाँतीवाडा तक की नई पाइपलाइन
- 7500 हेक्टेयर लाभित क्षेत्र एवं बनासकाँठा के 74 और पाटण के 32 गाँवों को लाभ – कुल अनुमानित लाभार्थी 4200 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 1566 करोड़ रुपए

### डिंडरोल-मुक्तेश्वर पाइपलाइन

- डिंडरोल (तहसील सिद्धपुर, ज़िला पाटण) से दाँतीवाडा तक की नई पाइपलाइन
- 3000 हेक्टेयर लाभित क्षेत्र बनासकाँठा के 25 तथा पाटण के 5 गाँवों को लाभ – कुल अनुमानित लाभार्थी 1700 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 191 करोड़ रुपए

### सुईगाम डायरेक्ट डिस्ट्रीब्यूटरी

- बनासकांठा जिले में नर्मदा नहर से सिंचाई से वंचित 22 गाँवों को नर्मदा नहर के अंतर्गत सिंचाई में शामिल करने के लिए नई डिस्ट्रिब्यूटरी बनाने की योजना
- लाभान्वित क्षेत्र 14,700 हेक्टेयर, अनुमानित लाभार्थी 7,500 किसान
- अनुमानित लागतः ₹88 करोड़

### काँकरेज, दियोदर तथा पाटण के लिए जलापूर्ति योजना

- स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाने के कार्य
- लाभित गाँवों की संख्या 100 – कुल अनुमानित लाभार्थी 3.02 लाख
- अनुमानित ख़र्च : 13 करोड़ रुपए

## संकल्प की जाने वाली योजनाएँ

### सुजलाम्-सुफलाम् नहर सुधार के कार्य

- 332 किलोमीटर लम्बी नहर (कडाणा डैम से राह गाँव ज़िला बनासकाँठा) तथा उसके स्ट्रक्चर्स के सुधार कार्य
- लाभ : 1,111 तालाब तथा 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र, 661 गाँव – कुल अनुमानित लाभार्थी 1.25 लाख किसान
- अनुमानित ख़र्च : 1500 करोड़ रुपए

### अटल भूजल योजना तथा भूमिगत रिचार्ज एवं वेस्ट वॉटर रीयूज़ के कार्य

- 6 ज़िलों के 2000 से अधिक गाँवों में भूमिगत जल रिचार्ज तथा वेस्ट वॉटर रीयूज़ से जुड़े 2100 से अधिक कार्य
- लाभित क्षेत्र – 1,10,000 हेक्टेयर, कुल अनुमानित लाभार्थी 65,000 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 1100 करोड़ रुपए

### साबरमती नदी पर 4 नए बैराज का निर्माण

- 14000 हेक्टेयर लाभित क्षेत्र – कुल अनुमानित लाभार्थी 10,000 किसान
- मेहसाणा, साबरकाँठा तथा गांधीनगर ज़िलों की 5 तहसीलों के 39 गाँवों को लाभ
- अनुमानित ख़र्च : 1000 करोड़ रुपए

### धरोई, वात्रक, मेश्वो तथा हाथमती जलाशय आधारित उद्वहन सिंचाई योजनाएँ

- वात्रक जलाशय से उद्वहन द्वारा मालपुर, मेघरज, मोडासा तहसीलों के तालाब भरने के कार्य
- लाभ : 7 तहसीलों के 182 तालाब
- 6150 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई का लाभ – कुल लाभार्थी 11,000 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 700 करोड़ रुपए

### वर्तमान तथा नवीन पाइपलाइन द्वारा तालाब जोड़ने के कार्य

- लाभित क्षेत्र धानेरा, दियोदर एवं चाणस्मा तहसीलों के 99 तालाब
- 10,000 हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ – कुल अनुमानित लाभार्थी – 5,000 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 625 करोड़ रुपए

### वर्तमान मोढरा-मोटीदाऊ पाइपलाइन को मुक्तेश्वर-कर्मावत तालाब तक बढ़ाने का कार्य

- वर्तमान मोढेरा-मोटीदाऊ पाइपलाइन को बढ़ा कर मुक्तेश्वर-कर्मावत तालाब को जोड़ना (तहसील वडगाम, ज़िला बनासकाँठा)
- मेहसाणा के 33 तथा बनासकाँठा ज़िलों के 64 गाँवों के 6,000 हेक्टेयर को लाभ – कुल अनुमानित लाभार्थी 4,000 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 550 करोड़ रुपए

### खारी, रुपेण, पुष्पावती तथा अन्य नदियों पर बड़े चेकडैम के कार्य

- खारी, पुष्पावती, रुपेण तथा मेश्वो नदियों पर 46 चेकडैमों तथा दाँता व अमीरगढ तहसीलों के 10 बड़े चेकडैमों के कार्य – कुल 56 चेकडैम
- लाभित क्षेत्र – 5,000 हेक्टेयर – कुल अनुमानित लाभार्थी 9,000 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 430 करोड़ रुपए

### सांतलपुर तहसील के 11 गाँवों के लिए पाइपलाइन योजना

- लाभित क्षेत्र 8300 हेक्टेयर
- कुल लाभित गाँव – 11, कुल अनुमानित लाभार्थी – 4500 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 126 करोड़ रुपए

### बालाराम लघु सिंचाई योजना से मलाणा तथा अन्य 31 गाँवों के तालाबों को भरने की योजना


- लाभित क्षेत्र – 3400 हेक्टेयर – कुल अनुमानित लाभार्थी 4500 किसान
- अनुमानित ख़र्च : 145 करोड़ रुपए












### टाटा-एयरबस के स्थापित करने वाले प्लांट का शिलान्यास

# वडोदरा एविएशन सेक्टर के हब के तौर पर लोकप्रिय होगा : मोदी

## भारत दुनिया का बड़ा मेन्युफेक्चरिंग हब बनने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है : प्रधानमंत्री

वडोदरा, ३० अक्टूबर ।

वडोदरा में टाटा-एयरबस के स्थापित करने वाले प्लांट का शिलान्यास करने के लिए पहुंचे पीएम मोदी ने यह प्रॉजेक्ट को वडोदरा, गुजरात तथा देश के लिए एक अनमोल उपहार समान बताया था । उन्होंने कहा था कि, भारत दुनिया का बड़ा मेन्युफेक्चरिंग हब बनने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है । भारत आज अपना फाइटर प्लेन बना रहा है । अपनी टैंक तथा सबमरीन बना रहा है और भारत में बनी दवाईयां और वेक्सीन भी दुनियाभर में लाखों लोगों का जीवन बचा रही है । प्रधानमंत्री ने बताया है कि भारत में बने इलेक्ट्रोनिक गेजेट्स, मोबाइल, भारत में बनी कार्स कई देशों में छायी हुई है । मेक इन इंडिया, मेक फॉर ध ग्लोब मंत्र पर आगे बढ़ रहा भारत अपने सामर्थ्य को बढ़ा रहा है । अब भारत ट्रांसपोर्ट प्लेन का भी बड़ा निर्माता बनेगा और इसकी शुरूआत आज से हो रही है । दुनिया का बड़ा पैसेंजर प्लेंस भी भारत में बनेगा यह दिन भी अब दूर नहीं है । वडोदरा में जो फेसिलिटी का शिलान्यास हुआ है यह देश के डिफेंस और एयरोस्पेस सेक्टर में आमूलचूल से परिवर्तन लाएंगे, पहलीबार भारत में एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में इतना बड़ा निवेश हो रहा है । वडोदरा में बननेवाला ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भारतीय सेना को ताकत देगा इसके साथ ही एयरक्राफ्ट मेन्युफेक्चरिंग के लिए एक नई इकोसिस्टम का भी विकास होगा यह बताते हुए पीएम ने कहा कि, शिक्षा और संस्कृति के केंद्र के तौर पर प्रतिष्ठित वडोदरा अब एविएशन सेक्टर के हब के तौर पर लोकप्रिय होगा । ऐसे तो भारत कई देशों में विमान के छोटे-बड़े पार्ट्स की निर्यात करता है, लेकिन देश में पहलीबार मिलिटरी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बनना है, जिसके लिए टाटा ग्रुप और एयरबस डिफेंस कंपनी को शुभकामना देता हूं ।

## प्रवीण सिंहा को सीबीआई में ६ महीने का एक्सटेंशन दिया गया

अहमदाबाद, ३० अक्टूबर।

गुजरात केडर के आईपीएस अधिकारी को एक्सटेंशन मिला है, जिसकी वजह से गुजरात के आईपीएस विभाग में खुशी का माहौल फैल गया है । सीबीआई के स्पेशियल डायरेक्टर प्रवीण सिंहा को और छह महीने का एक्सटेंशन दिया गया है । उनको पहले भी छह महीने का एक्सटेंशन दिया गया । हाल वह इंटरपोल में भी भारत के प्रतिनिधि के तौर पर सेवा दे रहे है । अब प्रवीण सिंहा आगामी ३० अप्रैल २०२३ तक सीबीआई में कार्यरत रहेंगे । २०१९ के फरवरी महीने में केंद्र सरकार द्वारा गुजरात केडर के प्रवीण सिंहा की सीबीआई के एडिशनल डायरेक्टर के तौर पर नियुक्ति की गई थी । वह पहले सीबीआई में संयुक्त डायरेक्टर के पद पर थे । प्रवीण सिंहा १९८८ बेच के आईपीएस अधिकारी है । १९६२ में जन्मे प्रवीण सिंहा ऋ (लूट्ठह्य), (क्ष्ह्वरू.), रुरुक्र की डिग्री है । वर्ष २०१५ में उनको केंद्रीय विजिलन्स कमिश्न में डेप्युटेशन पर रखा गया था । इसके बाद जनवरी, २०१८ में उनकी सीबीआई में संयुक्त डायरेक्टर के तौर पर नियुक्ति की गई थी । गत २०२१ के वर्ष में नवंबर महीने में प्रवीण सिंहा की इंटरपोल के डेलिगेट के तौर पर नियुक्ति की गई थी । गुजरात के इतिहास में यह सबसे पहली घटना थी, जिसमें सीबीआई के स्पेशियल डायरेक्टर प्रवीण सिंहा इंटरपोल के डेलिगेट बन गये हो । वह इंटरपोल के डेलिगेट के तौर पर नियुक्ति होने पर ३ वर्ष तक रहेंगे ।

### प्रधानमंत्री मोदी कर सकते है बड़ी घोषणा

# केवडीया में देश का पहला रोयल किंगडम म्युजियम बनाया जाएगा

## म्युजियम राजा रजवाडाओं की बलिदान की कहानी सुनाई जाएगी

नर्मदा, ३० अक्टूबर ।

प्रधानमंत्री मोदी आज से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर है । पीएम मोदी नर्मदा जिले के केवडीया में सोमवार यानी कि ३१ अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राष्ट्रीय एकता दिवस को मनाया जाएगा । प्रधानमंत्री की मौजूदगी में एयर शो सहित के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तब इसका रिहर्सल किया जा रहा है । कल पीएम नरेन्द्र मोदी केवडीया कॉलोनी से महत्व की घोषणा कर सकते है । रोयल किंगडम म्युजियम राजा रजवाडाओं की बलिदान की कहानी सुनाई जाएगी । केवडीया कॉलोनी में देश का पहला रोयल किंगडम म्युजियम बनाया जाएगा । म्युजियम में देश के और गुजरात के राजा रजवाडाओं के बलिदान का इतिहास पेश किया जाएगा । देश के एकीकरण के लिए राजा रजवाडाओ के बलिदान को याद किया जाएगा । देश को मजबूत करने के लिए क्षत्रिय समाज की भूमिका और परंपरा को आज की पीढी अवगत हो ऐसा अनूठा प्रयास किया जाएगा । महत्वपूर्ण है कि ३१ अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर वह केवडीया में राष्ट्रीय एकता दिवस के उत्सव में हिस्सा लेंगे । पीएम की उपस्थिति में कई कार्यक्रम तथा परेड का आयोजन किया गया है । केवडीया से वह देश को संबोधित करेंगे । इसके अलावा पीएम के द्वारा विभिन्न प्रॉजेक्ट के लोकार्पण किए जाएंगे । केवडीया में हाल एयर शो सहित के कार्यक्रमों का रिहर्सल पूरेजोर से चल रहा है । बनासकांठा के अंबाजी के आदिवासी बच्चों का म्युजिकल बेंड ३१ अक्टूबर को केवडिया में प्रधानमंत्री के सामने परफोर्म करेंगे ।

# शिक्षक के कार्य जितना पवित्र और महान अन्य कोई कार्य नहीं : राज्यपाल

- राष्ट्रहित में ज्ञान और कौशल के उपयोग में ही शिक्षा की सार्थकता: मुख्यमंत्री

- गांधीनगर में आईआईटीई का पांचवां और चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी का तीसरा दीक्षांत समारोह

गांधीनगर (ईएमएस) राज्यपाल आचार्य देवव्रत की अध्यक्षता, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की प्रेरक उपस्थिति और शिक्षा मंत्री श्री जीतूभाई वाघाणी की मौजूदगी में शनिवार को गांधीनगर में आयोजित भारतीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ टीचर एजुकेशन-आईआईटीई) के पांचवें दीक्षांत समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठयक्रमों के 2526 तथा चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और पीएचडी के 96 विद्यार्थियों सहित कुल 2622 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आईआईटीई और चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि मनुष्या ईश्वर प्रदत्त व्यवस्था का संचालन करता है। मनुष्य जितना संस्कारी होगा, दुनिया उतनी ही समृद्ध बनेगी। देवव्रत आचार्य ने कहा कि शिक्षक के कार्य जितना पवित्र और महान दूसरा कोई काम नहीं है। शिक्षक संस्कारी मनुष्य का निर्माण करता है। शिक्षक का जीवन ही विद्यार्थी के लिए शिक्षा का साधन है। शिक्षक का व्यवहार और उसकी वाणी ही शिष्य के लिए शिक्षा होती है। राज्यपाल ने बच्चों को देश का भविष्य और युवाओं को देश का वर्तमान करार देते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान और चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के जरिए श्रेष्ठ शिक्षक और बालक के निर्माण के लिए जो संकल्प-बीज बोया था, वह वटवृक्ष के रूप में विकसित संस्थान बनकर साकार हो रहा है। राज्यपाल ने इन दोनों विश्वविद्यालयों को सच्चे अर्थ में मानव निर्माण के ध्येय के साथ कार्य करने वाला संस्थान करार दिया। उन्होंने महान राष्ट्र के विकास के लिए मानव निर्माण के कार्य को ही श्रेष्ठ कार्य बताया। राज्यपाल ने कहा कि एक शिक्षक ही विश्व कल्याण के लिए स्व-अर्पण से लेकर राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के साथ राष्ट्र कल्याण और समाज कल्याण के लिए कर्तव्यपरायण बनने के संस्कार दे सकता है। गुजरात की धरती ने महात्मा गांधी जी, सरदार पटेल, महर्षि दयानंद सरस्वती और श्यामजी कृष्ण वर्मा जैसे अनेक महापुरुषों को जन्म दिया है, तब युवा इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर नवोन्मेषी विचारों के साथ राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने को पुरुषार्थ करें। राज्यपाल ने युवाओं से अनुरोध किया कि वे जोश और जज्बे के साथ अपने जीवन के संकल्पों को साकार करें। उन्होंने कहा कि जिस देश के युवाओं के हृदय में राष्ट्रभाव सर्वोपरि होता है, वह देश दुनिया में इतिहास रच सकता है। राज्यपाल ने स्वदेशी भावना के महत्व को समझाते हुए उपाधिधारक युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में यत्किंचित योगदान देने का अनुरोध भी किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दीक्षांत समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों से कहा कि जब शिक्षा तथा कौशल का उपयोग राष्ट्र के हित में होता है, तभी शिक्षा सार्थक होती है। तत्कालीन मुख्यमंत्री और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई ये दोनों यूनिवर्सिटियां शिक्षा क्षेत्र में राज्य के अभूतपूर्व विकास का उदाहरण है। उनकी दूरदर्शिता के कारण राज्य में आज अनेक सेक्टोरल यूनिवर्सिटियां कार्यरत हैं, जो राज्य के युवाओं के निर्माण में योगदान दे रही हैं। आईआईटीई विश्वस्तरीय शिक्षक तैयार करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सफल करियर के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए युवाओं की प्रतिभा आधार के समान है। आईआईटीई और चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान हमारे पास मौजूद परंपरागत ज्ञान की विरासत को उजागर करने का कार्य कर रहे हैं।

शिक्षा मंत्री जीतूभाई वाघाणी ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सफल करियर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित की गई आईआईटीई और चिल्ड्रन यूनिवर्सिटी आज वटवृक्ष बन गई है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर स्कोप परीक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए 'साफल्य' चैनल शुरू करने, टेट-1 और टेट-2 परीक्षा के संबंध में तथा एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा प्रभाग के महत्वपूर्ण निर्णयों को दर्शाने वाली कॉफी टेबल बुक 'शिक्षण नो कर्मयोग' और 'सुशासन गाथा' का विमोचन किया। मुख्यमंत्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बायसेग के माध्यम से प्रसारित होने वाले 'साफल्य' चैनल को लॉन्च किया।

# पीएम मोदी आज नव गेज परिवर्तित असारवा-हिम्मतनगर-उदयपुर और लुणीधार-जेतलसर खंड राष्ट्र को समर्पित करेंगे

अहमदाबाद (ईएमएस) भारतीय रेल ने देश के बहुआयामी विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है। देश भर में एक यूनी-गेज रेल प्रणाली स्थोपित करने की दृष्टि से रेलवे मौजूदा गैर ब्रॉड गेज रेलवे लाइनों को ब्रॉड गेज में परिवर्तित कर रही है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए पश्चिम रेलवे ने असारवा-हिम्मतनगर-उदयपुर और लुणीधार-जेतलसर खंडों के गेज परिवर्तन का काम पूरा कर लिया गया है। भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 अक्टूबर, 2022 को असारवा में आयोजित होने वाले एक समारोह में इन रेल खंडों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री असारवा-उदयपुर एक्सप्रेस के शुभारंभ के साथ-साथ असारवा रेलवे स्टेशन से उदयपुर-असारवा एक्सप्रेस, लुणीधार-जेतलसर और जेतलसर-लुणीधार पैसेंजर ट्रेनों का भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। रेलवे अत्य2धिक महत्व की कई इंफ्रास्ट्र क्चर रल अपग्रेडेशन परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है और इस तरह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर योगदान दे रही है। ये नए गेज परिवर्तित रेल खंड यात्री यातायात और माल ढुलाई दोनों क्षेत्रों के लिए असंख्य अवसरों को खोलेंगे और निकट भविष्य में तेजी से बदलाव लाएंगे। यह संबद्धता बढ़ाने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के उत्थान में योगदान का एक लंबा सफर तय करेंगे। अहमदाबाद (असारवा)-हिम्मतनगर-उदयपुर खंड का खुलना क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। 299 किमी के इस खंड को 2482.38 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है। इस खंड के प्रमुख स्टेशन अहमदाबाद, शामलाजी रोड, हिम्मतनगर, नंदोल दाहेगाम, डूंगरपुर, प्रांतिज और उदयपुर हैं। यह खंड इन क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय लोगों के लिए देश के बाकी हिस्सों से कनेक्टिविटी के मामले में एक बड़ी राहत होगी। यह पर्यटकों, व्यापारियों के साथ-साथ इस क्षेत्र के आसपास की निर्माण इकाइयों और उद्योगों के लिए भी लाभदायक होगा। हिम्मतनगर में टाइल और सिरेमिक उद्योग इस रेल परियोजना का लाभ उठा सकते हैं क्योंकि वे निर्बाध कनेक्टिविटी के कारण देश भर के ग्राहकों को रेल द्वारा अपने माल का परिवहन कर सकते हैं। इससे राष्ट्रीय राजधानी (दिल्ली) के साथ-साथ आर्थिक राजधानी (मुंबई) से बेहतर कनेक्टिविटी के साथ इस क्षेत्र में औद्योगीकरण में सहायता मिलेगी। इससे अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा करने में भी मदद मिलेगी। यह अहमदाबाद और दिल्ली के लिए एक तेज, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल वैकल्पिक मार्ग होगा। नया गेज परिवर्तित लुणीधार-जेतलसर ब्रॉड गेज खंड एक और महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है जो निर्बाध कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा। 58 किमी के इस गेज परिवर्तित खंड का कार्य 452 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है।

## पश्चिम रेलवे द्वारा दो जोड़ी ट्रेनों की शुरुआत भावनगर और जेतलसर के बीच पैसेंजर ट्रेनों की शुरुआत असारवा और उदयपुर सिटी के बीच एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत

भावनगर-लुणीधार पैसेंजर ट्रेन जेतलसर तक विस्तारित

जेतलसर-लुणीधार और असारवा-उदयपुर सिटी के बीच उद्घाटक सेवा का शुभारंभ

पश्चिम रेलवे द्वारा नए गेज परिवर्तित असारवा-उदयपुर और लुणीधार-जेतलसर खंड पर दो जोड़ी ट्रेनों की शुरुआत की जा रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 31 अक्टूबर, 2022 को लुणीधार-जेतलसर और असारवा-उदयपुर सिटी के बीच स्पेशल ट्रेनों की उद्घाटक सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ट्रेन संख्या 09566/65 भावनगर-लुणीधार पैसेंजर ट्रेन को जेतलसर तक विस्तारित किया जा रहा है। इसके अलावा, भावनगर-जेतलसर और असारवा-उदयपुर सिटी शहर के बीच एक नियमित ट्रेन भी चलाई जा रही है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री सुमित ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः-

1. ट्रेन संख्या 09519/09520 जेतलसर-लुणीधार-जेतलसर (उद्घाटक सेवा)

ट्रेन संख्या 09519 जेतलसर-लुणीधार 31 अक्टूबर, 2022 को जेतलसर से 18.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 19.15 बजे लुणीधार पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09520 लुणीधार-जेतलसर 31 अक्टूबर, 2022 को लुणीधार से 18.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 19.10 बजे जेतलसर पहुंचेगी। ये ट्रेनें दोनों दिशाओं में जेतपुर, वावडी, वाडिया देवली, खाखरिया और कुंकावाव स्टेशनों पर रुकेगी। उपरोक्त ट्रेनों में द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं।

2. ट्रेन संख्या 09477 असारवा-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस स्पेशल और ट्रेन संख्या 09609 उदयपुर सिटी-असारवा एक्सप्रेस स्पेशल (उद्घाटक सेवा)

ट्रेन संख्या 09477 असारवा-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस 31 अक्टूबर, 2022 को असारवा से 18.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00.05 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09609 उदयपुर सिटी-असारवा एक्सप्रेस 31 अक्टूबर, 2022 को उदयपुर सिटी से 18.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.20 बजे असारवा पहुंचेगी। यह ट्रेन सरदारग्राम, नरोडा, नांदोल दहेगाम, तलोद, प्रांतिज, हिम्मतनगर, शामलाजी रोड, बेछिवाड़ा, डूंगरपुर, रिखबदेव रोड, सेमारी, जय समंद रोड, जवार और उमरा स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09609 का लुसादिया स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा। ट्रेन संख्या 09477 में एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं, जबकि ट्रेन संख्या 09609 में एसी चेयर कार, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं।

3. ट्रेन संख्या 09568/09567 भावनगर-जेतलसर-भावनगर पैसेंजर (नियमित सेवा)

ट्रेन संख्या 09568 भावनगर-जेतलसर पैसेंजर ट्रेन प्रतिदिन भावनगर टर्मिनस से 14.30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 18.15 बजे जेतलसर पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09567 जेतलसर-भावनगर पैसेंजर ट्रेन जेतलसर से प्रतिदिन 18.50 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 22.55 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। उपरोक्त ट्रेनें 1 नवंबर, 2022 से नियमित रूप से चलेंगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सीहोर, ढोला, ढसा, लाठी, खिजड़िया, चीतल, लुणीधार, कुंकावाव, खखरिया, वाडिया देवली, वावडी और जेतपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं।

4. ट्रेन संख्या 19704/19703 असारवा-उदयपुर-असारवा एक्सप्रेस (दैनिक) (नियमित सेवा)

ट्रेन संख्या 19704 असारवा-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस प्रतिदिन असरवा से 06.30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 12.30 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 19703 उदयपुर सिटी-असारवा एक्सप्रेस उदयपुर सिटी से प्रतिदिन 17.00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 23.00 बजे असारवा पहुंचेगी। उपरोक्त ट्रेनें 1 नवंबर, 2022 से नियमित रूप से चलेंगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सरदारग्राम, नरोडा, नांदोल देहेगाम, तलोद, प्रांतिज, हिम्मतनगर, शामलाजी रोड, बेछिवाड़ा, डूंगरपुर, रिखबदेव रोड, सेमारी, जय समंद रोड, जवार और उमरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी चेयर कार, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं।

5. ट्रेन संख्या 09566/09565 भावनगर-लुणीधार-भावनगर का जेतलसर तक विस्तार

विस्तारित ट्रेन संख्या 09566 भावनगर-जेतलसर पैसेंजर लुणीधार से 07.13/07.14 बजे आगमन/प्रस्थान करेगी और उसी दिन 08.30 बजे जेतलसर पहुंचेगी। वापसी दिशा में विस्तारित ट्रेन संख्या 09565 जेतलसर-भावनगर पैसेंजर जेतलसर से 09.00 बजे प्रस्थान करेगी और लुणीधार से 10.08/10.10 बजे आगमन/प्रस्थान करेगी। इन ट्रेनों के समय में भावनगर और चीतल स्टेशनों (दोनों दिशाओं में) के बीच कोई बदलाव नहीं होगा। यह ट्रेन अब दोनों दिशाओं में कुंकावाव, खाखरिया, वडिया देवली, वावडी और जेतपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं। उपरोक्त ट्रेनें 1 नवंबर, 2022 से नियमित रूप से चलेंगी।

ट्रेन संख्या 19704 की बुकिंग 31 अक्टूबर, 2022 से जबकि ट्रेन संख्या 09477 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू है। हॉल्ट और कंपोजिशन के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया **www.enquiry.indianrail.gov.in** पर जा सकते हैं।

# जन हितैषी

## सभी वर्गों को जोड़ने संघ का अभूतपूर्व अभियान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के सभी राज्यों में (संघ के सभी 45 प्रांतों में) सभी वर्गों के प्रोफेशनल्स और प्रभावी लोगों को संघ की विचारधारा से जोड़ने के लिए महा अभियान शुरू किया है। सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य और अरुण कुमार इस काम को देख रहे हैं। संघ ने भारत के सभी राज्यों के सभी वर्गों के शिक्षा एवं प्रोफेशनल जगत से जुड़े हुए प्राध्यापक, सभी स्कूलों के शिक्षक, अधिवक्ता, आईटी विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, सेवानिवृत्त राज्य अधिकारी, चिकित्सकों, खिलाड़ियों, किसानों और हर युवा वर्ग को जोड़ने के लिए रोजगार टोली, नवाचार टोली, पत्रकारिता जगत से जुड़े हुए सभी पत्रकार, साहित्यकार, सोशल मीडिया से जुड़े प्रबुद्धजनो को जोड़ने के लिए, उसी समूह में काम करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है।

संघ ने इस अभियान के लिए देश के 11 क्षेत्रों के 45 प्रांतों के पदाधिकारियों के बीच में बांटा है। उपरोक्त वर्ग के सभी प्रतिष्ठित लोगों को यहां तक कि सभी समाज के साधु-संतों को भी संघ की विचारधारा और कार्यो से जोड़ने के लिए सबसे मिलने और उन्हें बैठकों में लाने का अभियान शुरू किया है। संघ का मानना है, कि सभी वर्गों को जोड़ने के लिए कम से कम सप्ताह में अथवा माह में एक बार इस तरह की संगोष्ठी आयोजित की जाए। जिसमें सभी वर्गों के लोग खुलकर भाग लें। संघ के प्रशिक्षित प्रचारक और स्वयंसेवक उस वर्ग की समस्याओं पर चर्चा करें। उन्हें संघ की विचारधारा से अवगत कराएं। साप्ताहिक या मासिक बैठक में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। ताकि संघ की विचारधारा का फैलाव सारे देश में एक समान हो सके। लोगों में सरकारों के प्रति जो गुस्सा है। वह भी कम हो सके। इसके लिए उनकी समस्याओं पर चर्चा करना जरूरी हो गया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले साल 5 राज्य जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान इत्यादि राज्य शामिल हैं। सबसे पहले इन राज्यों को इस महा अभियान में शामिल किया गया है। अगले 6 माह में देश के सभी राज्यों में, 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इस महाअभियान को संचालित करने की जिम्मेदारी प्रचार को और स्वयंसेवकों को सौंपी गई है।

संघ ने सप्ताह पखवाड़े और महीने के आधार पर इस तरह की बैठकें करने उसका प्रचार-प्रसार करने के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। इस महाअभियान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि सभी वर्गों के बीच में उनकी जो मूल समस्याएं हैं, जो उनकी चिंताएं हैं, उसी को आधार बनाकर उन पर सहानुभूति प्रदर्शित करें। उन समस्याओं को जल्द कैसे दूर किया जा सकता है, इस पर चर्चा करें। बैठक में आए लोगों को भावात्मक रूप से संघ की विचारधारा और संघ के कैडर से जोड़ने का प्रयास करें।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 84 से ज्यादा अनुवांशिक संगठन हैं। जो अलग-अलग क्षेत्रों में कई वर्षों से काम कर रहे हैं। उन्हें ही यह जिम्मेदारी दी गई है, कि वह वर्ग के आधार पर, रोजगार के आधार पर, काम-धंधे के आधार पर, किसानों की समस्याओं के आधार पर, श्रमिकों के उत्थान को लेकर, शिक्षा और धर्म को लेकर जो कार्य पहले से कर रहे थे, उसका विस्तारीकरण आम आदमी तक करें। ताकि संघ की विचारधारा से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा सके। इसके लिए व्यापक स्तर पर संघ ने योजना तैयार की है। अगले साल के पांच राज्यों के चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए जीतना संघ के लिए भी अति आवश्यक है। संघ की हिंदू राष्ट्र की जो परिकल्पना है। उसके लिए भाजपा का चुनाव जीतना संघ के लिए भी अति आवश्यक है।

संघ सूत्रों के अनुसार यह सारी कवायद 2024 के लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में की जा रही है। पिछले कुछ महीनों में जिस तरीके से केंद्रीय नेतृत्व और राज्य सरकारों के कामकाज, महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी और सामाजिक मुद्दों को लेकर जो नाराजी लोगों में बनी है। उसको दूर करने की जवाबदारी पदाधिकारियों को दी गई है। पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों को हर हालत में समयबद्ध तरीके से संघ की विचारधारा से जोड़ने और अधिक से अधिक विस्तार करने का दायित्व सौंपा गया है। क्योंकि यही लोग अपने विशेष वर्ग के मतदाताओं को मतदान से जोड़ेंगे। संघ और सरकार के केंद्रीय नेतृत्व के बीच में जो मनमुटाव की खबरें आ रही थी। उसके बाद संघ ने कमान अपने हाथ में लेने के लिए भी यह महा अभियान शुरू किया है। संघ सरकार पर अपनी निर्भरता कम करेगा। संघ के सभी अनुवांशिक संगठन और संघ के पदाधिकारियों को ज्यादा सशक्त बनाने की पहल इस अभियान के तहत होगी। संघ जिस तरह से अपनी बैठकों में मनोवैज्ञानिक रूप से तथ्यों के आधार पर, मानसिक रूप से लोगों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करता है। देश का कोई भी राजनीतिक दल अथवा सामाजिक संगठन ऐसा नहीं करता है। जिसके कारण संघ को अपनी विचारधारा फैलाने के लिए खुला मैदान मिलता है। यह स्थिति विपक्षी दलों के लिए सबसे ज्यादा चिंताजनक है। अन्य राजनीतिक दलों और संगठनों के पास मतदाताओं को मनोवैज्ञानिक एवं धार्मिक, समूह से जोड़े रखने का ऐसा कोई प्रयास नहीं होता है। जैसा भाजपा के लिए संघ करता है। ऐसी स्थिति में भाजपा और संघ की स्थिति दिनोंदिन मजबूत होती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में आर्थिक रूप से संघ बहुत सक्षम संगठन बन गया है। जिसके कारण उसका प्रभाव भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है।

# गुजरात कांग्रेस की राज्य के पांच जोन में परिवर्तन संकल्प यात्रा आज से

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात कांग्रेस ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पूण्यतिथि के मौके पर राज्य में परिवर्तन संकल्प यात्रा का आयोजन किया है राज्य के पांच जोन में एक साथ प्रारंभ होनेवाली परिवर्तन संकल्प यात्रा को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ कराएंगे 5432 किलोमीटर से भी अधिक लंबी इस परिवर्तन संकल्प यात्रा में 10 लाख से भी ज्यादा कार्यकर्ता शामिल होंगे, जो राज्य की सभी सीटों पर पहुंचेंगे परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान 145 जनसभाएं, 35 स्वागत पोइन्ट, 95 रैली के साथ व्यापक जनसंपर्क और कांग्रेस के 11 संकल्पों का व्यापक प्रचार किया जाएगा पांच जोन में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता परिवर्तन संकल्प यात्रा का प्रस्थान कराएंगे इन नेताओं में अशोक गहलोत, दिग्विजयसिंह, बीके हरिप्रसाद, सचिन पायलट, पवन खेडा, मुकुल वासनिक, सुप्रिया श्रीनेत, अमरींदर राजाब्रार, शिवाजीराव मोंघे, रमेश चेनीथला, प्रमोद तिवारी, अजय माकन, अजय यादव, अविनाश पांडे, डॉ. अजय कुमार, कन्हैयाकुमार, आरसी खुंटिया, भाईजगताप, नितिन राउत समेत राष्ट्रीय और गुजरात प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता शामिल होंगे


## गाडी सं. 19704/19703 असारवा - उदयपुर सिटी एक्सप्रेस का शुभारंभ (01/11/2022 से)

| गाड़ी सं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|
| 19704 | असारवा - उदयपुर सिटी | 06.30 बजे (दैनिक) | 12.30 बजे (उसी दिन) |
| 19703 | उदयपुर सिटी - असारवा | 17.00 बजे (दैनिक) | 23.00 बजे (उसी दिन) |

**ठहरावः** सरदारग्राम, नरोडा, नांदोल दहेगाम, तलोद, प्रांतिज, हिम्मतनगर, शामलाजी रोड, बेछीवाडा, डूंगरपुर, रिखबदेव रोड, सेमारी, जय समन्द रोड, जावर और उमरा स्टेशन्स दोनो दिशाओं में.

**संरचनाः** एसी चेअर कार, एसी 3 टियर, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य द्वितीय श्रेणी डिब्बे.

उपरोक्त ट्रेन की विस्तृत समय सारणी और ठहराव के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in देखें.

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
आज़ादी का अमृत महोत्सव

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly


मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122, 9327086467 R.N.I. 63177/